हमारा दून



परिवहन मंत्री यशपाल आर्य से वार्ता करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।

# आपदा के सम्बन्ध मे सभी जनपदों से समन्वय बनाये रखें: सीएम

**निर्देश**

सीएम ने आपदा प्रबन्धन केन्द्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

आपदा ग्रस्त गांवों से जिस प्रकार लोगों को किया जा रहा है रेस्क्यू

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को आराकोट, त्यूणी व मौरी के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद सचिवालय स्थित आपदा प्रबन्धन केन्द्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा के सम्बन्ध मे सभी जनपदों से प्रभावी समन्वय बनाये रखा जाय। उन्होंने आपदा परिचालन केन्द्र से सूचनाओं के एकत्रीकरण की व्यवस्थाओं की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी से सतर्कता बरतने की भी अपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबन्धन केन्द्र में ही सचिव आपदा प्रबन्धन अमित नेगी, प्रभारी सचिव एसएमुरूगेशन, आईजी संजय गुंज्याल, डीआईजी राजीव रोतेला, डीआजी एसटीएफ श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, कमाडेण्ड एसडीआरएफ सुश्री तृप्ति भट्ट के साथ आपदा की स्थिति पर व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने हाल ही आयी आपदा में त्वरित कार्यवाही



आपदा प्रबंधन केंद्र में अधिकारियों के साथ आपदा की स्थिति पर व्यापक चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री।

किये जाने की स्थिति पर सन्तोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों से हर समय सतर्क रहने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा ग्रस्त गांवों से जिस प्रकार लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है। उसी व्यवस्था के तहत गांवों से सेब को सड़क तक लाने की व्यवस्था बनायी जाय, ताकि क्षेत्र में सेब की फसल खराब न हो तथा काश्तकारों को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि इसके लिये यदि अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होगी तो उसकी अलग से व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिये कि जिन गांवों में संचार व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। वहां पर सेटलाइट फोन की व्यवस्था की जाय।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने अधिकारियों से आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का भी आकलन किये जाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा राहत के लिये धन की कमी न होने दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने आराकोट में पुलिस चौकी के निर्माण, ग्राम पंचायत चिवां में प्राथमिक विद्यालय, जुनियर हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय का पुनर्निमाण, राजकीय इण्टर कॉलेज टिंकोची का पुनर्निमाण, राजकीय एलौपैथिक चिकित्सालय टिकोची का पुनर्निमाण, आराकोट हेलीपैड का विस्तार किये जाने की घोषणा के साथ ही जिन गाँवों में संचार सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां सैटेलाइट फोन की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने सचिवालय स्थित मीडिया सेन्टर में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि हाल में आयी आपदा से प्रदेश को प्रारम्भिक आंकलन में 130 करोड़ का नुकसान होने का का अनुमान है। उन्होंने कहा कि आपदा मद में प्रदेश के पास धनराशि उपलब्ध है। जनपदों को भी पर्याप्त धनराशि प्रदान की गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रवृत्ति घोटाले में सीएम ने सीबीआई जाँच से क्यों किया किनारा

**(संवाददाता)** देहरादून, आजखबर। जनसंघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि पूर्व में हुए छात्रवृत्ति घोटाले में जाँच अधिकारी वी0 षणमुगम ने 27 मार्च 2017 को पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच की सिफारिश एवं गम्भीर घोटाले का इशारा करते हुए सरसरी रिपोर्ट शासन को सौंपी थी। षणमुगम के नेतृत्व में 8 मार्च .2017 को एक जाँच कमेटी का गठन किया गया था।

### आयुष विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों की सम्बद्धता तत्काल प्रभाव से निरस्त

**(संवाददाता)** देहरादून। सचिव आयुष आरके सुधांशु ने बताया कि शासन द्वारा आयुर्वेदिक विभाग से 20 स्नातक उपाधिधारक एवं 34 स्नातकोत्तर उपाधिधारक चिकित्साधिकारियो को आयुर्वेद विश्वविद्यालय में शिक्षक संकाय की कमी होने के दृ ष्टिगत सम्बद्ध किया गया था। शासन के पत्र क्रमशः 03 अप्रैल, 2017 तथा 14 नवम्बर, 2017 द्वारा आयुष विभाग के विभिन्न कार्यालयों अधिष्ठानों में समस्त सम्बद्ध अधिकारियों व कर्मचारियों की सम्बद्धता तत्काल प्रभाव से निरस्त की गयी।

### रियलमी 5 सीरीज में पहला क्वाड कैमरा स्मार्टफोन प्रस्तुत किया

**(संवाददाता)** देहरादून। बाजार में अपनी 'डेयर टू लीप' प्रपोजिशन के अनुरूप, भारत में सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने पहले क्वाड कैमरा स्मार्टफोंस–रियलमी 5 और रियलमी 5प्रो की घोषणा की। इन दोनों स्मार्टफोन में क्वालकोम टेक्नॉलॉजीज के मोबाईल प्लेटफॉर्म, स्नैपड्रैगन 665 एआईई और 712 मोबाईल प्लेटफॉर्म होंगे,जो यूजर्स को इस मूल्यवर्ग में शानदार परफॉर्मेंस प्रदान करेंगे।

## रेलवे स्टेशन से ही चलेंगी मसूरी के लिए बस

**(संवाददाता)** देहरादून। देहरादून से मसूरी के लिए बस सेवा रेलवे स्टेशन बस स्टैण्ड से ही जारी रहेगी, परिवहन मंत्री से मुलाकात के बाद मसूरी विधायक गणेश जोशी ने यह कहा। मंगलवार को यमुना कालोनी स्थित मंत्री आवास में परिवहन मंत्री यशपाल आर्य से मुलाकात कर मसूरी के लिए देहरादून से बस सेवा को पूर्व की भॉति देहरादून रेलवे स्टेशन से जारी रखने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन के निकट मसूरी बस अड्डे को अर्न्तराज्यीय बस अड्डे स्थानान्तरित किया जा रहा है। जिस कारण से मसूरी की जनता में आक्रोश है। चूंकि व्यवहारिक रुप से यदि बस अड्डा आईएसबीटी से संचालित किया जाऐगा तो आम आदमी, जो शहर क्षेत्र से अपनी आवश्यकताओं का सामान खरीदता हो, को आईएसबीटी सामान लेकर जाने में बहुत अधिक परेशानी होगी और आर्थिक रुप से भी हानी उठानी पड़ेगी। विदित ही है कि मसूरी एक सुविख्यात पर्यटक नगरी है। जहां पहुॅच हेतु अधिकर पर्यटक रेल मार्ग से आते हैं। यदि आईएसबीटी से मसूरी आने वाली बसों को संचालित किया जाता है तो रेल मार्ग से आने वाले पर्यटकों को परेशानी होगी, और पर्यटन भी प्रभावित होगा।

## जन अधिकार मंच का शिष्टमंडल डीएम से मिला

**(संवाददाता)** देहरादून। रुद्रप्रयाग डिग्री कॉलेज की दुर्दशा का संज्ञान लेते हुए जन अधिकार मंच, रुद्रप्रयाग ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया और प्राचार्य, शिक्षकों और छात्र प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनके शीघ्र समाधान के लिए जिलाधिकारी से भेंट की। प्राचार्य वी एन खाली ने स्वीकार किया कि महाविद्यालय में कक्षा–कक्षों और प्रयोगशालाओं की कमी के साथ ही छात्रों के बहुमुखी विकास की आधारभूत सुविधाओं का अभाव है।

इस पर शासन का ध्यान है लेकिन भूमि की कमी के कारण भवनों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने विश्वास दिलाया है कि इस संबंध में कार्यवाही तुरंत आरम्भ की जाएगी।

# छात्रसंघ सुको के आदेशों का पालन सुनिश्चित करें: डीएम

**बैठक**

■ छात्रसंघ चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाय

देहरादून। **सवांददाता**

देहरादून जिले के महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कार्यक्रम को लेकर आज यहां जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं चीफ प्रोक्टर की बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी



डीएम महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं चीफ प्रोक्टर के साथ छात्रसंघ चुनाव को लेकर बैठक करते हुए।

दिशा–निर्देशों के अनुरूप लिंगदोह समिति की अनुशंसाओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर छात्रसंघ चुनावों को निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने के निर्देश महाविद्यालयों के प्राचार्यो को दिए। बैठक में उन्होने बताया कि छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया के तहत् नामांकन प्रक्रिया समाप्ति के पश्चात सभी प्रत्याशियों के साथ कार्यशाला आयोजित कर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराया जाय।

उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाय। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने से सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य, मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक कर लें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अरूण मोहन जोशी ने उपस्थित शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों एवं चीफ प्रोक्टर को अवगत कराया कि छात्रसंघ चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था पुलिस की निकहवानी में रहेगी।




## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी को याद किया

**(संवाददाता)** देहरादून। कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की 75वीं जयंती को उत्तराखण्ड प्रदेश में धूम–धाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों में पार्टी द्वारा राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज स्व0 राजीव जी की 75वीं जयंती के अवसर पर देहरादून के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही प्रदेष कांग्रेस कमेटी कार्यालय, राजीव भवन 21, राजपुर रोड़, देहरादून में कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने अपने प्रिय नेता स्व0 राजीव गांधी को श्रद्धा पूर्वक याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्व0 राजीव जी की मूर्ति पर मल्यार्पण किया।

## सीईओ ने ली बैठक

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फोटोयुक्त विस निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत राजनैनिक दलों के साथ बैठक की।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।